## एक नजर में

### माटी के गणेशजी बनाने की अपील की

**खिलचीपुर 18 अगस्त, सं.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत प्रस्फुटन समितियां तथा नवांकुर सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर के कक्ष क्रमांक सात में आयोजित किया गया. जिसमें उपस्थित समस्त समिति सदस्यों को प्रस्फुटन समिति के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में समझाया गया नवांकुर संस्था प्रतिनिधि श्री देवेंद्र शर्मा द्वारा संस्कार केंद्र के संचालन तथा संस्कार केंद्र के समाज में प्रभाव पर विस्तार से समझाया गया नव अंकुर संस्था प्रतिनिधि शिवचरण डांगी द्वारा नशा मुक्ति के दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा विकासखंड निलेश गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को माटी से गणेश जी निर्माण सिखाया गया. अंत में जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को माटी के गणेश निर्माण के फायदे तथा समाज में ज्यादा से ज्यादा माटी के गणेश निर्माण हो इस हेतु जन जागरण की अपील की.

### मंदिर के रास्ते पर गड्ढा जिसमें कीचड़ रहता

**जीरापुर 18 अगस्त, सं.** नगर में अनेकों स्थानों पर बारिश के कारण आम रास्ते पर पानी किचड़ की स्थिति बनी रहती है. नगर के श्री बागवाले हनुमान मंदिर के रास्ते पर समतलीकरण नहीं होने से बारिश के दिनों में पानी भर जाता है तथा किचड़ जमा रहता है. जिससे दर्शनार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में श्रावण मास में मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त दर्शनार्थ पहुंचे लेकिन इस समस्या से जूझना पड़ा है. नगर पंचायत में आवेदन देने एवं मौखिक रूप से अवगत कराने के बावजूद भी अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ पिछले करीब 2 वर्षों से यह स्थिति उत्पन्न हो रही है. नगर परिषद के जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी एवं उपयंत्री को इस बारे में समिति सदस्य मधुसूदन दांगी ने व्यक्तिगत एवं पत्र देकर अवगत कराया गया. किंतु उक्त समस्या का निराकरण नहीं हुआ है जिससे कि श्रद्धालुओं को काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं एवं कीचड़ होने से श्रद्धालु गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं. जबकि मंदिर पर प्रतिदिन श्रद्धालु भक्तों का आना जाना बना रहता है. मंदिर पर प्रतिदिन संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त आते हैं जहां पर प्रसाद वितरण किया जाता है.

### भर्ती कैंप 21 से 30 अगस्त तक

**राजगढ़ 18 अगस्त, का.** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 तहत जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से एवं एसआईएस के संयुक्त तत्वधान में राजगढ़ जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड उदयपुर द्वारा जनपद पंचायत ब्यावरा में 21 अगस्त को भर्ती कैंप हेतु शिविर लगाए जाएंग. इसी प्रकार जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 22 अगस्त को, जनपद पंचायत जीरापुर में 25 अगस्तष को, पीजी कॉलेज ब्यावरा में 26 अगस्त को, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 28 अगस्त को, जनपद पंचायत राजगढ़ में 29 अगस्तग को तथा आजीविका भवन सारंगपुर में 30 अगस्त, 2025 को भर्ती कैंप का आयोजन प्रात: 11 से शाम 3 बजे तक किया जाएगा.

# अंतत : कुण्ठा के अंधेरे से सुरक्षित लौटा 'आदित्य'

## आखिर मिल गया आदित्य : जब मम्मी-पापा के बिना खुद को असुरक्षित महसूस किया तो फोन करके अपनी लोकेशन बताई

**एक दिन पूर्व राजगढ़ नगर से लापता बालक दिल्ली से मिला**

**हरकत में आई पुलिस, सीसीटीवी खंगाले**

**इधर बालक ने खुद घर पर फोन किया, अब सुरक्षित हाथों में**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 18 अगस्त, का. राजगढ़ निवासी एक बालक रविवार की सुबह एकाएक लापता हो गया था जो सोमवार को दिल्ली से मिला. बालक को राजगढ़ लाया जा रहा है. बालक सुरक्षित है और उसे वापस लाने की औपचारिकता की जा रही है. जल्द वह अपने मां और पिता के साथ घर में होगा. हालांकि जिन परिस्थितियों में बालक राजगढ़ से इंदौर होकर दिल्ली पहुंचा वह विचारणीय है और वर्तमान समाज में पालकों के लिए चिंतन का विषय है.**

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ स्थित गणेश चौक तिलक मार्ग निवासी पटवारी अनुराग साराई का पुत्र आदित्य रविवार की सुबह 9 बजे घर से एकाएक कहीं चला गया था. देर बाद भी वह नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरु की. परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस द्वारा बालक को तलाशने विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज देखे गये. एक सीसीटीवी फुटेज में बालक राजगढ़ से इंदौर जाने वाली बस में बैठा हुआ नजर आने के बाद उसी दिशा में उसकी तलाश शुरु की. पुलिस के अनुसार सोमवार को बालक के ट्रेन द्वारा दिल्ली पहुंचने की जानकारी पता चली. फिलहाल बालक रेलवे पुलिस के पास है बालक के मिलने की खबर लगते ही परिजन, मिलने-जुलने वालों में हर्ष व्याप्त हो गया. सभी ने राहत की सांस ली.

### फॉलोअप — मम्मी-पापा छोटे भाई को ज्यादा लाड़ करते हैं!


पटवारी पुत्र लापता होने से परिवार बेचैन
पटवारी अनुराग सारई के बालक की गुमशुदगी से सभी व्याकुल



15 वर्षीय आदित्य कक्षा 9 में पढ़ता है. उसका एक छोटा भाई है जो कि 9 वर्ष का है. पटवारी अनुराग सारई के दो बेटे है. वे अपने दोनों बेटों को पालन पूरी जिम्मेदारी से करते है. लेकिन बाल मन क्योंकि विकृतियों के वायरल की चपेट में जल्दी आता है. बालक से चर्चा करने पर उसने अपने घर से दूर चले जाने का जो कारण बताया वह वर्तमान समाज के लिए चिंतनीय है. बालक के अनुसार उसके मम्मी-पापा उसके छोटे भाई आरव को अधिक स्नेह और लाड़ करते है. इससे कुण्ठित होकर उसने घर से दूर जाने का फैसला लिया. उसने बस से इंदौर शहर की राह पकड़ी और वहां से दिल्ली पहुंच गया. हालांकि दिल्ली जाने के बाद जब उसे उस अनजान शहर में अपने मम्मी और पापा की कमीं महसूस हुई तो उसने उन्हें फोन कर अपनी लोकेशन बताई. इधर जिला पुलिस अधीक्ष के निर्देश पर टीम को मुस्तैद कर दिया गया था और राजगढ़ पुलिस लगभग बालक तक पहुंच ही चुकी थी. पुलिस टीम उसे सुरक्षित घर लाने की औपचारिकता कर रही है. खुशी की बात है कि इस कुण्ठा के अंधेरे से आदित्य समय रहते बाहर आ गया और सुरक्षित भी है. लेकिन परिजनों को भी यह समझना होगा कि लालन-पालन में समता दिखाते हुए अपने कामकाज के बाद बच्चों को बराबर और पर्याप्त समय देना होगा. जिससे उन्हें किसी भी क्षण एकाकीपन का अहसास ना हो. हर बच्चे की भावना, संवेदना अलग-अलग हो सकती है. उसी के अनुसार उन्हें परिवेश देने की आवश्यकता है. बहरहाल आदित्य सुरक्षित है और पूरा परिवार उसकी अगुवानी लाड़ से करने की तैयारी कर चुका है.

### कलेक्टर की बस संचालकों को एडवायजरी



इधर मामला सामने आने के बाद जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के बस ऑपरेटरों, वाहन चालकों और इस व्यवसाय और संचालन से जुड़े लोगों को एडवायजरी जारी की है. इसके अनुसार बसों में अकेले यात्रा करने वाले नाबालिग बच्चों से उनके परिवार, घर की जानकारी ली जाएगी. अकेले यात्रा करने वाले इस तरह के बच्चों के परिजनों को सम्पर्क करने बाद भी यात्रा करने दिया जाएगा. जिससे भविष्य में इस तरह के घटनाक्रम ना हो. सौभाग्य से आदित्य सुरक्षित है लेकिन कई मामलों में बच्चों के गुम होने पर काफी परेशानियां परिजनों, पुलिस और अन्य लोगों को उठानी पड़ती है.

### बच्चों के हाथ में मोबाइल नहीं, अपना हाथ दें

**एक्सपर्ट व्यू**

जब भी बच्चों को ऐसा लगने लगता है कि माता-पिता उनकी ओर अटेंशन कम दे रहे है तब ऐसी परिस्थितियां निर्मित होती है. बच्चों को बराबर अटेंशन यानी ध्यान देना चाहिए. हालांकि माता-पिता ध्यान देते हैं लेकिन ऐसा होता है कि हम घर में बड़े बच्चों को परिपक्व मानकर उन्हें उस तरह से हैण्डल नहीं कर पाते. कामकाज के चक्कर में हम सिर्फ उनकी पढ़ाई और होमवर्क की ही बात करते है. इसके साथ ही बच्चों के हाथ में मोबाईल की बजाय अपना हाथ यानी समययुक्त स्नेह देने की जरूरत है. मोबाईल का अधिक उपयोग बच्चों को एकाकी बना रहा है जो कि हानिकारक है. मैं इस बच्चे से जब यह दिल्ली से लौटेगा जरूर मिलना चाहूंगी. हालांकि बच्चों की अलग-अलग संवेदनाएं होती है. उनकी भावनाओं को सम्मान करना चाहिए.

**श्रीमती गायत्री सिलोदिया**
**मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, राजगढ़**

### सेवानिवृत्त प्राध्यापक ने उच्च न्यायालय की शरण ली

**जीरापुर 18 अगस्त, सं.** रिटायर्ड प्रोफेसर के सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान में प्रभारी प्राचार्य की लापरवाही से हुई देरी के लिये उच्च न्यायालय द्वारा 6 प्रतिशत ब्याज का आदेश पारित दिया. जानकारी के मुताबिक जीरापुर निवासी प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता की सेवानिवृत्ति प्रधानमंत्री एक्सिलेंस कॉलेज श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर (व्रष्टष्ट) में हुई. कालेज की प्रभारी प्राचार्य की लापरवाही से हुई देरी के कारण डॉ आरबी गुप्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक के सेवानिवृत्ति लाभों-अर्जित अवकाश, जी पी एफ, समूह बीमा योजना एवं 4 प्रतिशत डीए एरियर के भुगतान में विलंब हुआ. सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ गुप्ता ने महाविद्यालय प्रशासन को कई बार आवेदन दिया किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई. इतना ही नहीं उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की तब जाकर 4 माह के विलंब से भुगतान हुआ. जिसमें से डीए एरियर से संबंधित गलत जानकारी देकर 11 जुलाई 25 को जबरदस्ती बंद करवा दी गई. डॉ आरबी गुप्ता जो कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ति है, ने व्यथित होकर इस विलंब के विरोध में उच्च न्यायालय की शरण ली. उच्च न्यायालय इन्दौर ने शासन के विरुद्ध यह आदेश पारित किया कि 60 दिवस में पीड़ति को विलंब की अवधि का 6 प्रति. ब्याज का भुगतान करें. असफल होने पर 9 प्रति. ब्याज देय होगा.

# उत्कृष्ट संचालन करने वाली ग्राम पंचायतें पुरस्कृत

## पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 18 अगस्त, का.** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायत उन्नति सूचकांक वर्ष 2022-23 के विमोचन एवं प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 13 अगस्त को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत सिंह यादव सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे. उक्त कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र भोपाल से आए प्रशिक्षक शैलेश बैरागी द्वारा पीएआई पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया गया. जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया. जिसमें प्रथम पुरस्कार ग्राम पंचायत हांसरोद जनपद ब्यावरा को 11 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार ग्राम पंचायत कोड़िया जागीर जनपद राजगढ़ को 7 हजार एक सौ रूपये व तृतीय पुरस्कार ग्राम पंचायत जामोनिया जोहार जनपद नरसिंहगढ़ को 5 हजार एक सौ रूपये पुरस्कारर राशि के रूप में प्रदान किए गए.. साथ ही अन्य 7 पंचायतों को पुरस्कार स्वरूप 2,100 रूपये प्रति पंचायत व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. साथ ही अन्य 10 पंचायतों को सांत्वना पुरस्कार पत्र से सम्मानित किया गया.

**पंचायतों को मिला प्रेरणा संदेश-** मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित गुप्ता, पर्वत सिंह यादव ने बताया कि पंचायतों के आंतरिक प्रशासन, सेवा वितरण व पारदर्शिता पर आधारित है, वहीं में स्वच्छता, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी समेकित बहुविषयक प्रगति को मापा जाएगा. उन्होंने सभी पंचायतों को प्रेरित किया और कहा कि इस पोर्टल पर उपलब्ध डेशबोर्ड से राष्ट्रीय स्तर पर पंचायत विकास की निगरानी की जाएगी.



# वॉल्व खराब होने से पेयजल सप्लाई बाधित

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 अगस्त, का.** स्थानीय बस स्टेण्ड स्थित वॉटर वर्क्स पर स्थित मुख्य वॉल्व में खराबी होने से रविवार को पेयजल सप्लाई बाधित रही. जानकारी के अनुसार वॉटर वर्क्स पर पानी टंकी में पानी लिफ्ट करने हेतु वॉल्व में खराबी आ गई जिससे रविवार को दिन भर पेयजल सप्लाई बाधित रही. वॉल्व के दुरस्त होने पर पेयजल सप्लाई सुचारु हो सकी. इससे पेयजल सप्लाई में एक दिन का अंतराल बढ़ गया. बारिश के दिनों में भी पेयजल सप्लाई बाधित होने से नागरिको को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कई बार वॉल्व में खराबी आने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो चुकी है.

# बैण्ड-बाजों से निकाली नंदलाल की शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**तलेन 18 अगस्त, सं.** शनिवार को नगर में तलेन श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया. श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति यादव समाज के तत्वाधान में नगर में श्री भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकल गई. शोभा यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर यादव मोहल्ले से बैंड बाजे ढोल डीजे के साथ प्रारंभ हुई. शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह, श्री महाकाल मित्र मंडल, क्षत्रिय राजपूत समाज, गायत्री परिवार, नगर परिषद, आदि द्वारा फरूटी केले व पुष्प वर्षा भव्य स्वागत किया गया. इस शोभा यात्रा में शामिल झांकी आकर्षण का केंद्र रही. क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने शोभायात्रा में पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की. भारी बारिश के बीच क्षेत्रीय



विधायक मोहन शर्मा पूरे समय शोभायात्रा में मौजूद रहे. शोभायात्रा में शामिल लोग ढोल, डीजे, बैंड बाजे, पर जमकर झूमें. शोभा यात्रा नगर के मुख्य प्रमुख मार्गो से होती हुई यादव धर्मशाला पहुंची. जहां पर महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ.

### मतदान केन्द्रों में युक्तियुक्तकरण हेतु बैठक

**राजगढ़ 18 अगस्त, का.** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्याक्षता जिन भी मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं, उनका युक्तियुक्तकरण हेतु बैठक आयोजित की गई. कलेक्टदर डॉ. मिश्रा ने सभी पार्टीयों के प्रतिनिधियों के साथ बीएलओ की नियुक्ति सूची साझा करने के निर्देश दिए. जिसमें उनका फोन नंबर भी रहेंगा. बैठक में पार्टी सदस्यों से सुझाव लेकर आवश्यमक कार्यवाही हेतु कलेक्ट र ने निर्देश दिए. बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, बहुजन समाज वादी पार्टी अध्य क्ष रघुवीर सिंह वर्मा, कांग्रेस प्रतिनिधि राशिद जमील खान, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, निर्वाचन सुपरवाईजर रामचरण जाटव उपस्थित रहे.

# 4 साल भटकने के बाद मिला बीमा का लाभ

## गांव के युवा ने हस्तक्षेप कर लड़ी लड़ाई, 2 लाख का लाभ दिलाया

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 18 अगस्त, सं.** कोरोना काल मैं पति के निधन के बाद ऐसी कई महिला को विभिन्न तरह की परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है.जैसे आर्थिक तंगी बच्चों की देखभाल और परवरिश की जिम्मेदारी एवं पढ़ाई लिखाई सामाजिक अलगाव मानसिक स्वास्थ्य की समस्या और कानूनी अधिकारों से जुड़ी जटिलताएं ऐसी कुछ समस्याएं जो इस मुश्किल घड़ी में महिलाओं को और भी परेशानी खड़ी कर देती है. ऐसा ही एक मामला पड़ाना नगर में निवासरत सामाजिक पुनर्वास प्रदान करने वाले ओम परमार पिता विक्रम सिंह परमार के संज्ञान में आया. उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में पति कमलेश व्यास के निधन हो जाने के बाद विगत 4 वर्षों से जीवन ज्योति बीमा योजना राशि का लाभ लेने के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बावजूद भी संगीता व्यास हार थक कर मायूस होकर निराश हो गई. इस बात की जानकारी समाजसेवी ओम परमार को लगी जिन्होंने अपनी सूझबूझ एवं अथक प्रयास एवं व्यक्तिगत निगरानी रखते हुए से 4 वर्षों से भटक रही विधवा महिला को गत दिवस जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि 2 लाख का लाभ दिलवाया गया.



**लापरवाही** ▶ **लोकसेवा गारंटी और सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर कार्यवाही**

# तहसीलदार पर 26 हजार का जुर्माना, पटवारी की वेतनवृद्धि रोकी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 18 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में अपर कलेक्टकर शिवप्रसाद मण्डराह, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, एसडीएम सुश्री निधि भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया. वे नियमित रूप से कलेक्ट्रेट में उपस्थित रहकर सीएम हेल्पलाईन में दर्ज लंबित शिकायतों का शीघ्रता



से निराकरण करना सुनिश्चित करें. सीएम हेल्पलाइन पर खराब प्रदर्शन के कारण जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) और अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), मुख्य नगर पालिका अधिकारी तलेन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. साथ ही खाद्य विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध तरीके से हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समाधान करें. उन्होंने अनुविभागीय (राजस्वक) अधिकारी खिलचीपुर को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समाधान न करने वाले पटवारी की एक वेतनवृद्धि रोकी जाए. साथ ही जल निगम प्रबंधन एसके जैन द्वारा ई-ऑफिस में कार्य नहीं करने पर कमिश्नर को कार्यवाही हेतु लिखने के निर्देश दिए.

**लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत की कार्रवाई-** तहसीलदार पचोर पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 26 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है. साथ ही तहसीलदार पचोर, नरसिंहगढ़ तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में निराशाजनक प्रदर्शन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

**आवास प्रभारी को कारण बताओ नोटिस-** प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरतने पर आवास प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.बैठक में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की भी विस्तृत समीक्षा की गई. कई विभागों में फाइल निर्माण, ई-रिसीप्ट, डिस्पैच तथा लास्ट लॉगिन संबंधी गतिविधियों में खराब प्रदर्शन पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की. गहराई से जांच के दौरान यह सामने आया कि कुछ विभाग ई-ऑफिस का नियमित उपयोग नहीं कर रहे हैं. ऐसे विभागों को पुन: प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके.

# गहने और अनाज चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में आए

**ब्यावरा 18 अगस्त, सं.** मलावर थाना पुलिस ने शिकायत के 24 घंटे बाद ही चोरी के 4 आरोपियों को पकड़ लिया है. आरोपियों ने गहने सहित अनाज की चोरी की थी. गत शनिवार को फरियादी भागीरथ मेहर पिता धूलजी मेहर उम्र 65 साल निवासी जामी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट किया कि में बीते 5 अगस्त को अपनी पत्नी कैलाश बाई के साथ लड़की आशा बाई की ससुराल ग्राम बारोद थाना मकसूदनगढ़ गया था. इसके बाद 10 अगस्त की सुबह वापस घर आये तो देखा कि घर का ताला टूटा था. टंकी को देखा तो उसमे से एक किंटल करीब गेहूँ कम थे टंकी में रखी कपड़े में बंधी सोने के दो कुंडल तथा 1000 रूपये नगदी जो पालीथीन थैली में बांधकर गेहूं की टंकी में रखे नहीं मिले. अज्ञात चोर ताला तोड़कर टंकी में रखे गेहूं व सोने के दो कुंडल व नगदी 1000 रुपये चोरी कर ले गया है. इस पर थाना मलावर में अपराध 129/25, धारा 331(4), 305 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर में विवेचना में लिया गया. थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को अवगत कराकर टीम गठित की.

चार आरोपियो पवन पिता अमर सिंह मेहर उम्र 27 साल निवासी जामी थाना मलावर, राजू शर्मा पिता भागीरथ प्रसाद शर्मा उम्र 37 साल निवासी जामी, विजय पिता रमेश सोनी उम्र 45 साल निवासी लखनवास, बब्लू पिता अमित भारती निवासी टुआखेड़ी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरुका बरामद किया गया.